विज्ञप्ति

विषय :– महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर में उच्चप्रशिक्षित अनुभवी एवं अवैतनिक रूप सेवाऐ देने हेतु इच्छुक चिकित्सा शिक्षकों को प्रोफेसर इमेरिटस Expression of Interest के रूप में आमंत्रित करने हेतु।

शासकीय महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संवद्व चिकित्सालय (स्वशासी संस्था) इंदौर की दिनांक 06.12.2018 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार उच्चप्रशिक्षित अनुभवी एवं अवैतनिक रूप सेवाऐ देने हेतु इच्छुक चिकित्सा शिक्षकों को प्रोफेसर इमेरिटस के रूप में आमंत्रित किया जाना है।

चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु उक्त ऑनरेरी शिक्षकों हेतु गाइडलाइन्स/मापदण्ड निम्नानुसार है :–

1. इच्छुक चिकित्सक शिक्षक वर्तमान में अन्य किसी कॉलेज में सेवारत न हो।
2. कम से कम 25 वर्ष का चिकित्सा शिक्षक के रूप में अनुभव हो। सुपरस्पेशलिस्ट होने की स्थिति में कम से कम 15 वर्ष का चिकित्सा शिक्षक के रूप में अनुभव हो।
3. अंर्तराष्ट्रीय जनरल में लेख/रिसर्च वर्क प्रकाषित हो।
4. पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा में कम से कम 15 वर्ष तक गाइड रहें हो।
5. कोई मौलिक रिसर्च वर्क किया हो।
6. कोई चिकित्सकीय शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा के किसी भी विषय पर पुस्तक या पुस्तक का चेप्टर लिखा हो।
7. अंतराष्ट्रीय में कॉनफ्रेंस में कोई पेपर/अतिथि वक्ता/चेयरमेन सत्र के रूप में भाग लिया हो।
8. शारिरिक एवं मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ हो।
9. राज्य/राष्ट्रीय/ अंतराष्ट्रीय स्तर का कोई चिकित्सा संबंधी पुरस्कार/अलंकरण प्राप्त हुआ हो।
10. किसी राष्ट्रीय एसोसिएशन (विषय संबंधी) में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/गवर्निंग काउंसिल सदस्य/एक्जीक्यूटिव सदस्य के रूप में कार्य किया हो।
11. किसी अंतराष्ट्रीय एसोसिएशन की फेलोशिप/डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त हो।
12. कोई कानूनी, आपराधिक/लोकायुक्त जॉच लंबित न हो।
13. सेवानिवृत्ति के समय प्रोफेसर या उससे वरिष्ठ पद पर रहे हो।
14. एक विषय में एक से अधिक प्रोफेसर इमरेटस एक ही महाविद्यालय से आमंत्रित किए जा सकेंगे।
15. पूर्व अधिष्ठाता/उपकुलपति/संचालक के पदों से सेवानिवृत्त होने वाले चिकित्सा शिक्षक को प्राथमिकता दी जावेंगी।

दीर्घ अनुभव एवं वरिष्ठता का आदर करते हुए कोई साक्षात्कार आयोजित नहीं किए जावेंगे तथा संबंधित महाविद्यालय की ऑटोनॉमस कार्यसमिति आयुक्त संभाग इंदौर संभाग की अध्यक्षता में नामों का चयन कर उन्हें प्रोफेसर इमरेटस Expression of Interest घोषित करेंगी।

प्रोफेसर इमरेटस का कार्यकाल जीवनपर्यंत/स्वास्थ्य या अन्य कारणों से संबंधित विशेषज्ञ द्वारा पद त्याग करने तक रहेगा।

उपरोक्त स्थिति के लिए प्रक्रिया सतत रूप से जारी रहेंगी तथा योग्य विशेषज्ञ मिलने पर भी भी नामांकित किए जा सकेंगे। कोई भी भत्ता/राशि देय नहीं होगी। (पूर्णतः ऑनरेरी अवैतनिक)

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं
संबद्व चिकित्सालय (स्वशासी संस्था) इंदौर